भारत सरकार
पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 218
01.12.2025 को उत्तर के लिए

आंध्र प्रदेश में प्रदूषण नियंत्रण के लिए निधियों का आवंटन

218. श्री बी. के. पार्थसारथीः

क्या **पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) सरकार द्वारा प्रदूषण नियंत्रण के तहत राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड/समितियों को आवंटित और प्रदत्त निधियों का वर्ष-वार और राज्य-वार, विशेषकर आंध्र प्रदेश के संबंध में ब्यौरा क्या है;

(ख) प्रदूषण नियंत्रण के तहत वित्तपोषित प्रदूषण नियंत्रण परियोजनाओं का वर्ष-वार, राज्य-वार और जिला-वार, विशेषकर आंध्र प्रदेश के संबंध में ब्यौरा क्या है; और

(ग) प्रदूषण स्तर को कम करने में इन परियोजनाओं की प्रगति या परिणामों का वर्ष-वार, राज्य-वार और जिला-वार, विशेषकर आंध्र प्रदेश के संबंध में ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री :
(श्री कीर्तवर्धन सिंह)

(क) से (ग): पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (एमओईएफएंडसीसी) द्वारा जनवरी, 2019 में शुरू किए गए राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम (एनसीएपी) का उद्देश्य 24 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के 130 शहरों (गैर-प्राप्ति शहरों और दस लाख से अधिक आबादी वाले शहरों) में वायु गुणवत्ता में सुधार लाना है। एनसीएपी बहु-क्षेत्रीय पहल है जिसमें केंद्र और राज्य सरकारों, शहरी स्थानीय निकायों (यूएलबी) और अन्य हितधारकों के समन्वित प्रयास शामिल हैं। यह शहर, राज्य और राष्ट्रीय स्तर की स्वच्छ वायु कार्य-योजनाओं के माध्यम से स्रोत-विशिष्ट शमन उपायों पर बल देता है।

राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम के अंतर्गत, 24 राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड(एसपीसीबी)/ प्रदूषण नियंत्रण समितियों के 130 शहरों को ₹13,415.43 करोड़ की राशि जारी की गई है। आवंटन और जारी की गई राशि का राज्यवार विवरण **अनुलग्नक-I** में दिया गया है।

संबंधित शहरों में वायु गुणवत्ता सुधार उपाय करने के लिए आंध्र प्रदेश के 13 शहर एनसीएपी के अंतर्गत आते हैं। अब तक, वायु गुणवत्ता में सुधार के उद्देश्य से शहरी कार्य-योजनाओं के कार्यान्वयन हेतु आंध्र प्रदेश के 13 शहरों के नगर निगमों को 734.86 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं और 407.25 करोड़ रुपये प्रदान किए गए हैं।

आधार रेखा वर्ष 2017-18 की तुलना में, आंध्र प्रदेश के 10 शहरों ने वर्ष 2024-25 में पीएम10 सांद्रता की गिरावट में प्रगति दिखाई है। विवरण **अनुलग्नक-II** में दिया गया है।

*****

अनुलग्नक - I

राज्य-वार आवंटित और प्रदत्त निधि

(राशि करोड़ रुपये में)

क्र. सं.	राज्य	वर्षों के दौरान निधि आवंटन	वर्षों के दौरान जारी की गई निधि							
		वित्त वर्ष 2019-20 से 2025-26	2019-20	2020-21	2021-22	2022-23	2023-24	2024-25	2025-26	कुल योग
1	आंध्र प्रदेश	734.86	6.36	152.28	77.58	75.06	49.81	-	46.16	407.25
2	असम	156.52	0.36	12.00	0.00	24.10	34.20	-	38.06	108.72
3	बिहार	870.13	10.20	211.00	89.00	7.09	10.82	-	52.06	380.17
4	चंडीगढ़	55.17	8.28	5.00	4.61	6.87	8.05	-	10.56	43.37
5	छत्तीसगढ	427.74	12.06	108.00	68.70	57.94	1.69	-	54.56	302.95
6	दिल्ली	103.29	0.00	0.00	11.25	22.50	8.94	-	38.67	81.36
7	गुजरात	1533.00	12.00	405.00	217.71	173.29	277.42	-	197.56	1282.98
8	हरियाणा	182.00	0.00	48.00	6.25	19.28	0.00	-	33.61	107.14
9	हिमाचल प्रदेश	29.43	0.24	10.00	0.48	3.59	3.19	-	5.34	22.84
10	जम्मू और कश्मीर	278.13	0.12	8.00	12.84	32.50	62.49	-	72.05	188.00
11	झारखंड	604.00	6.00	159.00	72.44	42.00	0.00	-	0.00	279.44
12	कर्नाटक	1210.60	6.30	280.52	154.67	128.52	27.51	-	28.41	625.93
13	मध्य प्रदेश	1234.52	20.60	300.52	151.20	135.04	43.18	-	184.11	834.65
14	महाराष्ट्र	3334.03	39.85	804.40	453.24	386.83	70.08	-	40.45	1794.85
15	मेघालय	11.64	0.00	3.00	0.00	0.45	4.50	-	4.21	12.16
16	नागालैंड	31.04	0.12	6.00	0.93	3.95	9.00	-	11.13	31.13
17	ओडिशा	195.76	6.18	6.04	3.64	38.52	20.23	-	32.93	107.54
18	पंजाब	542.69	12.48	105.04	33.75	56.88	53.55	-	89.99	351.69
19	राजस्थान	1151.17	18.12	284.80	122.94	103.76	80.63	-	77.20	687.45
20	तमिलनाडु	903.68	0.06	236.00	131.70	129.22	38.93	-	119.24	655.15
21	तेलंगाना	906.05	11.00	236.76	118.79	92.96	164.07	-	116.09	739.67
22	उत्तर प्रदेश	3799.28	48.47	726.16	218.63	672.83	594.94	-	680.13	2941.16
23	उत्तराखंड	148.39	0.12	11	5.67	22.30	29.18	-	34.70	102.97
24	पश्चिम बंगाल	1685.24	6.00	432.00	165.60	173.42	312.76	-	237.09	1326.87
	कुल	**20130.0**	**224.92**	**4550.52**	**2121.62**	**2408.90**	**1905.17**	**-**	**2204.31**	13415.44

अनुलग्नक- II

वित्त वर्ष 2017-18 की तुलना में वित्त वर्ष 2024-25 में एनसीएपी के तहत आंध्र प्रदेश के शहरों में पीएम10 की सांद्रता की तुलना

क्र. सं.	**शहर का नाम**	**2017-2018**	**2024-25**	**2024-25 में पीएम10 (µg/m3) में सुधार प्रतिशत वित्त वर्ष 2017-18 के संदर्भ में**
		पीएम10 की औसत सांद्रता (वित्त वर्ष) (µg/m ^{3})	**पीएम10 की औसत सांद्रता (वित्तीय वर्ष) (µg/m ^{3})**	
1	अनंतपुर	78	60	23.1
2	चित्तूर	70	60	14.3
3	एलुरु	72	64	11.1
4	गुंटूर	66	64	3.0
5	कडपा	75	56	25.3
6	कुरनूल	79	60	24.1
7	नेल्लोर	64	51	20.3
8	ओंगोल	65	58	10.8
9	राजमुंदरी	85	59	30.6
10	श्रीकाकुलम	69	79	-14.5
11	विजयवाड़ा	91	64	29.7
12	विशाखापटनम	76	101	-32.9
13	विजयनगरम	72	74	-2.8

*****